# भारतीय जनता पार्टी

## (केंद्रीय कार्यालय)

6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

03 सितंबर 2023, रविवार

**केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह द्वारा डुंगरपुर, राजस्थान से परिवर्तन संकल्प यात्रा के शुभारंभ अवसर पर दिए संबोधन के मुख्य बिंदु**

**परिवर्तन यात्रा के समापन के साथ ही राजस्थान से कांग्रेस की अशोक गहलोत सरकार का जाना निश्चित हो जाएगा। राजस्थान में परिवर्तन की लहर है। कांग्रेस सरकार के जाने का समय आ गया है।**

***************************

**INDI Alliance के नेता वोट बैंक और तुष्टीकरण की राजनीति के लिए हिन्दू धर्म को समाप्त करना चाहते हैं।**

***************************

**INDI Alliance के दो प्रमुख दल डीएमके और कांग्रेस के दो बड़े नेता के बेटे - एक पूर्व वित्त मंत्री का बेटा और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री का बेटा कह रहा है कि सनातन धर्म को डेंगू, मलेरिया और कोरोना की तरह ख़त्म कर देना चाहिए। इंडी एलायंस देश की संस्कृति, इतिहास और सनातन धर्म का लगातार अपमान कर रहा है।**

***************************

**राहुल गाँधी हिंदू संगठनों की तुलना लश्कर-ए-तैयबा से तुलना करते हैं और कांग्रेस सरकार में गृह मंत्री हिंदू आतंकवाद की बाद करते थे।**

***************************

**कांग्रेस अध्यक्ष कहते हैं कि मोदी जी जीतेंगे तो सनातन का राज आएगा। खड्गे जी आपको मालूम होना चाहिए कि सनातन का राज दिल में है, उसे कोई हटा नहीं सकता है।**

***************************

**पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह ने कहा था कि देश की संपत्ति पर पहला अधिकार एक ख़ास अल्पसंख्यक वर्ग का है जबकि हमारे हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी कहते हैं कि देश में पहला अधिकार गरीबों, दलितों, आदिवासियों एवं पिछड़ों का है।**

***************************

**सुना है कि गहलोत जी एक जादूगर हैं। जादूगर रुमाल या टोपी गुम करता था लेकिन गहलोत साहब ने तो राजस्थान से बिजली, स्वास्थ्य सेवा, रोजगार और सुरक्षा को ही गुम कर दिया है। हमें खेल दिखाने वाले जादूगर की नहीं बल्कि लोगों के जीवन में अच्छे परिवर्तन लाने वाले एक अच्छे मुख्यमंत्री की जरूरत है।**

***************************

**जब जनता ने इस घमंडिया गठबंधन का दिवाला निकाल दिया तो इन्होंने UPA से नाम बदलकर INDI Alliance कर लिया।**

***************************

**आजकल अशोक गहलोत को एक और तकलीफ हो गई है। जो कोई भी लाल कपड़े पहनकर आता है तो उन्हें लाल कपड़े की जगह लाल डायरी ही नजर आती है। लाल डायरी क्या है? लाल डायरी के अंदर अशोक गहलोत के करोड़ों के भ्रष्टाचार का कच्चा चिट्ठा है।**

***********************

**लाल डायरी में खनन विभाग के 66 हजार करोड़, खनन पट्टे के 1000 करोड़ और उदय सागर झील के 2,000 करोड़ रुपये के भ्रष्टाचार का जिक्र है। इसमें शिक्षा मंत्री के ट्रांसफर-पोस्टिंग, काली सिंह बांध और गरीबों के गेहूं-चावल में भ्रष्टाचार का जिक्र है। इसमें सचिवालय में मिले 2.31 करोड़ रुपये और एक किलो सोना का जिक्र है।**

***********************

**अशोक गहलोत की सरकार राज्य की महिला सुरक्षा में विफल रही है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार लगभग राजस्थान में हर रोज महिलाओं के साथ बदसलूकी के 19 मामले आ रहे हैं। पूरे देश के बलात्कार के मामले का 22% केवल और केवल राजस्थान में हो रहा है।**

***********************

**गहलोत सरकार ने पूरे राजस्थान में तुष्टिकरण की राजनीति कर असुरक्षा का वातावरण बनाया है। उदयपुर में कन्हैया लाल तो चितौड़गढ़ में रत्न सोनी की हत्या कर दी गई। हिंदू त्यौहारों पर प्रतिबंध लगाया। विजयादशमी में पथ संचालन पर प्रतिबंध लगाया। अलवर में 300 साल पुराने शिव मंदिर को तोड़ दिया।**

***********************

**अशोक गहलोत सरकार ने राजस्थान को सांप्रदायिक तनाव की आग में झोंक दिया और राजस्थान में कई जगह दंगे भी करवाए। सालासर में राम दरबार को बुलडोजर चलाकर गिरा दिया और गौशाला भी गिरा दिया। संकल्प लें कि ऐसी सरकार को उखाड़ फेंकना है।**

***********************

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह ने आज रविवार को डुंगरपुर, राजस्थान से परिवर्तन संकल्प यात्रा को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। प्रथम परिवर्तन संकल्प यात्रा को कल सवाई माधोपुर से माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया था। कार्यक्रम में राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री एवं पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रीमती वसुंधरा राजे सिंधिया, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री सीपी जोशी, केंद्रीय मंत्री श्री अर्जुन राम मेघवाल, राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष श्री राजेंद्र राठौड़, पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं राजस्थान के भाजपा प्रभारी श्री अरुण सिंह, केंद्रीय मंत्री श्री गजेंद्र सिंह शेखावत, पार्टी की सांसद श्रीमती दीया कुमारी, पार्टी के वरिष्ठ सांसद श्री किरोड़ी लाल मीणा सहित कई सांसद, विधायक एवं पार्टी के वरिष्ठ नेता उपस्थित थे।

इस अवसर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए श्री शाह ने कहा कि डुंगरपुर की धरती से परिवर्तन यात्रा की शुरुआत होने जा रही है। यह धरती देशभक्तों की धरती रही है। इसी भूमि के सपूतों ने महाराणा प्रताप के साथ मिलकर मुगलों की दांत खट्टे किये थे। यह महाराणा प्रताप, राणा सांगा की भूमि है। **आज से शुरू हुई दूसरी परिवर्तन यात्रा 19 दिनों में 52 विधानसभाओं को कवर करते हुए लगभग 2500 किलोमीटर की दूरी तय करेगी।** इस दौरान लगभग 156 छोटी सभाएं और 54 बड़ी सभाएं होंगी। **इस परिवर्तन यात्रा के समापन के साथ ही राजस्थान से कांग्रेस की अशोक गहलोत सरकार का जाना निश्चित हो जाएगा।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **कांग्रेस की सोनिया-मनमोहन सरकार ने दस सालों में राजस्थान को 1.60 लाख करोड़ रुपये दिए जबकि श्री नरेन्द्र मोदी सरकार के 9 वर्षों में राजस्थान को लगभग 8.71 लाख करोड़ रुपये दिए गए हैं। कांग्रेस को जवाब देना होगा कि उसने केंद्र में उसकी सरकार रहते हुए भी राजस्थान के साथ अन्याय क्यों किया था?** मोदी सरकार ने इसके अतिरिक्त राजस्थान को रेलवे के विकास के लिए लगभग 57 हजार करोड़, सड़कों के निर्माण के लिए लगभग 43 हजार करोड़

और नए एयरपोर्ट के निर्माण के लिए 6 हजार करोड़ रुपये दिए। उड़ान के तहत बीकानेर, जैसलमेर, किशनगढ़ में हवाई अड्डे बनाए जा रहे हैं। मोदी सरकार ने राजस्थान में 23 नए मेडिकल कॉलेज बनाए। बीकानेर में 1000 मेगावाट का सौर पार्क बनाया। जैसलमेर में 800 मेगावाट का सौर पार्क बनाया।

श्री शाह ने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि के तहत राजस्थान के 80 लाख किसानों को लगभग 16 हजार करोड़ रुपये सीधे उनके बैंक एकाउंट में ट्रांसफर किये गए हैं। 1.10 करोड़ घरों में नल से जल पहुंचने वाला है। इसमें से 43 लाख घरों में नल से जल पहुंचना शुरू भी हो गया है। इसमें भी अशोक गहलोत सरकार घपले-घोटाला कर रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी केन्द्र से जो पैसा भेज रहे हैं, उसे भी खा जा रही है। जैसे ही यहां भाजपा की सरकार बनेगी, सभी घरों में नल से जल पहुंचाने की योजना पूरी कर ली जाएगी। लगभग सवा लाख लाभार्थियों को आयुष्मान भारत का लाभ मिल रहा है। 86 लाख गरीबों के घर में शौचालय बनाया गया है। लगभग सवा चार करोड़ लोगों को पीम गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत प्रति माह पांच किलो अनाज मिल रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने पूरे राजस्थान को कोरोना से मुक्त किया है। लाखों बहनों को उज्जवला गैस कनेक्शन मिला।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **हमने अपनी केंद्र सरकार के 9 सालों का रिपोर्ट कार्ड राजस्थान की जनता के सामने रखा है। हमने जो कहा है, वह हमारे द्वारा किये गए कामों का महज 10 प्रतिशत है। अशोक गहलोत जी, यदि आपमें हिम्मत है तो जयपुर में प्रेसवार्ता करके अपना रिपोर्ट कार्ड जनता को बताएं कि पांच साल में क्या किया है? अशोक गहलोत जी, आपने पांच साल में कुछ नहीं किया है। आपने घपले-घोटाले, भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टिकरण के अलावा क्या किया है, इसका हिसाब राजस्थान की जनता को दीजिए लेकिन आप देंगे नहीं क्योंकि आपने कुछ किया ही नहीं है।**

श्री शाह ने कहा कि कांग्रेस की यूपी सरकार के 10 वर्षों में लगभग 12 लाख करोड़ रुपये के घपले-घोटाले के समाचार आये लेकिन मोदी सरकार के 9 वर्षों में विपक्ष के नेता हम पर भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं लगा पाए। **एक तो कांग्रेस ने अपनी सरकार में जम कर भ्रष्टाचार किया, वहीं उनमें ये अहंकार भी है कि उनके सिवा कोई देश में शासन कैसे कर सकता है? उन्हें इसका अंहकार है कि सिर्फ गांधी परिवार ही राज कर सकता है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी तो गरीब माँ के पेट से जन्म लेने वाले चाय बेचने वाला गरीब का बेटा है। ये लोग इस बात को सहन नहीं कर सकते हैं।**

विपक्षी गठबंधन पर कड़ा प्रहार करते हुए केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **इन लोगों को अपने पाप छुपाने के लिए अपने गठबंधन का नाम बदलना पड़ा। जब किसी का दिवाला निकल जाता है तो नाम बदल लेते हैं। विपक्षी दलों में शामिल दलों की आबरू का जनता में दिवाला निकल गया है, इसलिए इन्होंने अपने गठबंधन का नाम यूपीए से बदल कर इंडी एलायंस रखा है।** इस इंडी एलायंस को किसी भी तरह सत्ता चाहिए लेकिन किस कीमत पर चाहिए? **ये लोग देश की संस्कृति, देश के इतिहास और सनातन धर्म का अपमान कर रहे हैं। इंडी एलायंस के दो प्रमुख दल डीएमके और कांग्रेस और इनके दो बड़े नेता के बेटे - एक पूर्व वित्त मंत्री का बेटा और एक तमिलनाडु के मुख्यमंत्री का बेटा कह रहा है कि सनातन धर्म को डेंगू, मलेरिया और कोरोना की तरह ख़त्म कर देना चाहिए। इन लोगों ने तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति के लिए सनातन धर्म को समाप्त करने की बात कही है। इंडी गठबंधन के लोगों ने कोई पहली बार हमारी संस्कृति, इतिहास और सनातन धर्म का अपमान नहीं किया है, इनके नेता हमेशा हमारी महान संस्कृति का अपमान करते आये हैं। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह ने कहा था कि देश की संपत्ति पर पहला अधिकार एक ख़ास अल्पसंख्यक वर्ग का है। हमारे हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी कहते हैं कि देश में पहला अधिकार गरीबों, दलितों, आदिवासियों एवं पिछड़ों का है।**

श्री शाह ने कहा कि **कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष कहते हैं कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी जीतेंगे तो सनातन का राज आएगा। उन्हें मालूम होना चाहिए कि सनातन का राज दिल में है, उसे कोई हटा नहीं सकता है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने स्पष्ट कहा है कि यह देश भारत के संविधान के आधार पर चलेगा।** राहुल बाबा ने कहा कि हिंदू संगठन पाकिस्तानी आतंकी संगठनों से भी ज्यादा खतरनाक है। **राहुल गाँधी हिंदू संगठनों की तुलना लश्कर-ए-तैयबा से तुलना करते हैं और कांग्रेस सरकार में गृह मंत्री हिंदू आतंकवाद की बाद करते थे। इंडी एलायंस, यह घमंडिया गठबंधन के नेता वोट बैंक की राजनीति और तुष्टिकरण की**

**राजनीति करने के लिए किसी भी निचले स्तर पर जा सकते हैं लेकिन उन्हें पता नहीं है कि जितना वे बोलेंगे, उतना ही कम होते जाएंगे। 2014 में जितने थे, 2019 में उससे भी कम हो गए। और, अब इन लोगों ने सनातन धर्म के खिलाफ प्रलाप शुरू किया है। 2024 में ये लोग दूरबीन लेकर भी दिखाई नहीं पड़ेंगे।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि जिनके नेता ऐसे हो, जिनकी पार्टी ऐसी हो तो क्या किया जा सकता है? **गहलोत सरकार ने पूरे राजस्थान में तुष्टिकरण की राजनीति करके असुरक्षा का वातावरण बनाया है। उदयपुर में कन्हैया लाल का गला काट दिया गया। चितौड़गढ़ में रत्न सोनी की हत्या भी धर्मांध लोगों ने की है। करौली में हिंसा के बाद हिंदू त्यौहारों पर प्रतिबंध लगाया। विजयादशमी में पथ संचालन पर प्रतिबंध लगाया। अलवर में 300 साल पुराने शिव मंदिर को तोड़ दिया। अशोक गहलोत सरकार ने राजस्थान को सांप्रदायिक तनाव की आग में झोंक दिया और राजस्थान में कई जगह दंगे भी करवाए। सालासर में राम दरबार को बुलडोजर चलाकर गिरा दिया और गौशाला भी गिरा दिया। संकल्प लें कि ऐसी सरकार को उखाड़ फेंकना है।** जबतक आप 2023 में अशोक गहलोत का सूपड़ा साफ नहीं करते हो तबतक राजस्थान का भला नहीं होगा।

श्री शाह ने कहा कि **प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश के 60 करोड़ गरीबों के जीवन में उत्थान लाने का अथक प्रयास किया जबकि कांग्रेस पार्टी ने पिछले 20 सालों में राहुल गांधी को 20 बार लॉन्च किया लेकिन बीसों बार राहुल गाँधी की लॉन्चिंग फेल हो गई।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि राजस्थान में अ**शोक गहलोत के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी हुई है। अशोक गहलोत की सरकार राज्य की महिला सुरक्षा में विफल रही है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार लगभग राजस्थान में हर रोज महिलाओं के साथ बदसलूकी के 19 मामले आ रहे हैं। पूरे देश के बलात्कार के मामले का 22 प्रतिशत केवल और केवल राजस्थान में हो रहा है।** अशोक गहलोत जी मुख्यमंत्री होकर भी प्रदेश में हिंसा और दंगे को रोक नहीं पा रहे हैं।

अशोक गहलोत पर निशाना साधते हुए श्री शाह ने कहा कि आ**जकल उन्हें एक और तकलीफ हो गई है। जो कोई भी लाल कपड़े पहनकर आता है तो उन्हें लाल कपड़े की जगह लाल डायरी ही नजर आती है। लाल डायरी क्या है? लाल डायरी के अंदर अशोक गहलोत के करोड़ों के भ्रष्टाचार का कच्चा चिट्ठा है।** गहलोत जी, यह लाल डायरी भारतीय जनता पार्टी ने नहीं दी है। **यह लाल डायरी आपके मंत्री रह चुके कांग्रेस नेता ने ही दी है। लाल डायरी में खनन विभाग के 66 हजार करोड़ रुपये के भ्रष्टाचार कच्चे चिट्ठे हैं। लाल डायरी में खनन पट्टे के 1000 करोड़ रुपये के भ्रष्टाचार का जिक्र है। उदय सागर झील के मामले में 2,000 करोड़ रुपये के भ्रष्टाचार का जिक्र है। शिक्षा मंत्री के ट्रांसफर-पोस्टिंग का जिक्र है। सचिवालय में 2.31 करोड़ रुपये और एक किलो सोना निकला, इसका जिक्र है। काली सिंह बांध के भ्रष्टाचार का जिक्र है और गरीबों के गेहूं और चावल में भ्रष्टाचार का जिक्र है। इतने भ्रष्टाचार किए हैं कांग्रेस ने, ऐसी सरकार को सत्ता में एक मिनट भी रहने का हक़ नहीं है। एक ही विकल्प है आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **सुना है कि अशोक गहलोत जी एक जादूगर हैं। हमलोग जादू देखते थे, तब कोई रुमाल गुम कर देता था तो कोई टोपी गुम कर देता था। कोई कलम गुम कर देता था। गहलोत साहब ने राजस्थान से बिजली ही गुम कर दी है। इन्होंने राजस्थान से स्वास्थ्य सेवा ही गुम कर दी है। युवाओं को मिलने वाली रोजगारी को गुम कर दिया। गहलोत जी ने राजस्थान में सुरक्षा को भी गुम कर दिया है। हमें खेल करने वाले जादूगर की जरूरत नहीं है बल्कि लोगों के जीवन में अच्छे परिवर्तन लाने वाले एक अच्छे मुख्यमंत्री की जरूरत है।**

श्री शाह ने कहा कि यह घमंडिया गठबंधन, इंडी एलायंस है, इसकी प्रमुख पार्टी कांग्रेस ने सालों तक श्रीराम मंदिर निर्माण को रोक कर रखा। आजादी के 75 साल हो गए और राम लला टेंट में बैठे थे। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने श्रीराम मंदिर का शिलान्यास किया। श्रीरामजन्मभूमि पर रामलला के भव्य मंदिर का निर्माण जोरों से चल रहा है। बहुत जल्द हम मंदिर में प्रभु श्रीराम के दर्शन करेंगे। अब इसे घमंडिया गठबंधन, इंडी एलायंस रोक नहीं सकता है।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि कांग्रेस सरकार और इंडी एलायंस, घमंडिया गठबंधन धारा 370 को बचाए हुए थी। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने धारा 370 को समाप्त कर जम्मू एवं कश्मीर को हमेशा के लिए भारत के साथ जोड़ दिया। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश के अर्थतंत्र को दसवें नम्बर से ऊपर उठाकर पांचवें नम्बर पर पहुंचाया है। राजस्थान में कांग्रेस की सरकार को उखाड़ कर डबल इंजन की सरकार बनाइये।

***************************